होली खेले श्याम धणी

भक्तों की टोली संग झूम झूम जायेंगे
इस बार होली खाटू धाम की मनाएंगे
वहां होलिया में उड़े रे गुलाल के होली खेले श्याम धणी

साँचा दरबार खाटू धाम प्यारा प्यारा
देखने ही लायक होवे होली का नज़ारा
सारे भक्त वहां होते लाल लाल के होली खेले श्याम धणी
वहां होलिया में उड़े रे गुलाल के होली खेले श्याम धणी

लाखों लाखों सांवरिया के भक्त वहां आते है
झूम झूम नाचते हैं चंग भी बजाते हैं
वहां दिन रात होती है धमाल के होली खेले श्याम धणी
वहां होलिया में उड़े रे गुलाल के होली खेले श्याम धणी

रंग लाल लाल और रंग नीला पीला
भक्त भी रंगीले मेरा श्याम भी रंगीला
सब खुशियों से होते मालामाल के होली खेले श्याम धणी
वहां होलिया में उड़े रे गुलाल के होली खेले श्याम धणी

बनवारी एक बात सुनने में आई
झोली भर भर श्याम देता है बिदाई
वहां रोज़ रोज़ होता है कमाल के होली खेले श्याम धणी
वहां होलिया में उड़े रे गुलाल के होली खेले श्याम धणी

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/14852/title/holi-khele-shyam-dhani

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |